जाँच क्या होती है?

सभी बच्चों का कुछ स्वास्थ्य सम्बन्धी चिन्ताओं के लक्षणों के लिये परीक्षण किया जाता है। इन परीक्षणों को जाँचें कहा जाता है।

नवजात बच्चे की सुनने की शक्ति की जाँच क्या है?

आपके बच्चे की सुनायी देने से सम्बन्धित चिंताओं के शोध के लिये अस्पताल में एक जाँच की जायेगी।

सुनने की शक्ति की जाँच कैसे की जाती है?

एक विशेष मशीन दर्शाती है कि क्या आपका बच्चा आवाज़ों पर प्रतिक्रिया करता है। यह जाँच सरल है और इससे बच्चे को नुकसान नहीं होगा। अस्पताल छोड़ने से पहले आपको जाँच के नतीजे मिल जायेंगे।

आपके बच्चे की सुनने की शक्ति की जाँच कराना क्यों महत्वपूर्ण है?

अगर आपके बच्चे को कम सुनायी देता है या सुनायी नहीं देता है, तो इसका जल्दी पता लगाना और उसकी शिक्षा व भाषा के लिये सहायता प्राप्त करना महत्वपूर्ण है।

हर 1,000 बच्चों में से लगभग 3-4 बच्चों को जन्म के समय किसी न किसी प्रकार कम सुनने की समस्या हो सकती है।

फोलो-अप जाँच बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आपके बच्चे को कम सुनायी देता है, तो आप यह शीघ्र जानना चाहेंगे।

अगर आपका बच्चा सुनने की शक्ति की जाँच में पास नहीं होता, तो इसका क्या मतलब होता है?

इसका मतलब है कि आपके बच्चे की सुनने की शक्ति की और आगे जाँच की ज़रूरत है। इससे आपको उसके सुनने की शक्ति के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त होगी।

इसकी फोलो-अप जाँच के लिये आप कहाँ जा सकते हैं?

आपके बच्चे की फोलो-अप जाँच कराने के लिये अस्पताल अपॉइन्टमेंट देगा। अगर अस्पताल आपको अपॉइन्टमेंट नहीं देता है तो आप फोलो-अप जाँच कहाँ करा सकते हैं, यह पता करने के लिये कि 800-882-1435 पर Universal Newborn Hearing Screening Program (नवजात शिशु की सुनने की शक्ति की जाँच सम्बन्धी सार्वभौमिक कार्यक्रम) को फोन कर सकते हैं।

अगर मेरे बच्चे को कम सुनायी देने या सुनायी नहीं देने का निर्णय हो तो मुझे क्या करना चाहिये?

बच्चे के लिये कौनसी सेवायें महत्वपूर्ण हैं, यह जानने के लिये परिवार अपने बच्चे के डॉक्टर, औडिओलोजिस्ट (सुनने की शक्ति से सम्बन्धित रोगों का विशेषज्ञ), और अन्य हेल्थ केयर प्रदाताओं के साथ काम करते हैं। अक्सर परिवार अपने समाज के किसी Early Intervention Program (शीघ्र हस्तक्षेप सम्बन्धी कार्यक्रम) का उपयोग करते हैं, जो बच्चे और परिवार की ज़रूरतों के अनुसार सेवायें प्रदान करते हैं।

Universal
Newborn Hearing
Screening Program

बहुत से बच्चे जिन्हें कम सुनायी देता है या सुनायी नहीं देता है, तेज आवाजों पर चौंक जाते हैं। केवल सुनने की शक्ति की जाँच आपको बता सकती है कि क्या आपके शिशु को कम सुनायी देता है या सुनायी नहीं देता है।

कुछ बच्चों की सुनने की शक्ति की और आगे जाँच किये जाने की ज़रूरत हो सकती है भले ही उन्होंने जन्म के समय की गयी सुनने की शक्ति की जाँच पास कर ली हो। अपने बच्चे के डॉक्टर से बात करना तथा सुनने की शक्ति की और आगे जाँच किये जाने के लिये अपॉइन्टमेंट लेना महत्वपूर्ण है अगर:

* आपके परिवार में कोई व्यक्ति जन्म से बहरा है या उसे कम सुनायी देता है, या उन्होंने बचपन के शुरुआती दिनों में ही अपनी सुनने की शक्ति खो दी थी
* बच्चे की माता को गर्भावस्था में संक्रमण (इन्फेक्शन) रहा हो, जैसे कि हर्पीस या रुबेला
* आपके बच्चे को कोई गम्भीर संक्रमण (इन्फेक्शन) या बीमारी हुई हो जिसमें Neonatal Intensive Care Unit (NICU-नवजात शिशुओं की गहन देखभाल सम्बन्धी इकाई) में उपचार किये जाने की ज़रूरत पड़ी हो
* आप चिन्तित हों कि आपका बच्चा उसी उम्र के दूसरे बच्चों की तरह नहीं सीख रहा है
* आपके बच्चे या छोटे बच्चे के कान में बहुत अधिक संक्रमण (इन्फेक्शन) हो
* आपके बच्चे या छोटे बच्चे को गम्भीर संक्रमण (इन्फेक्शन) हो, जैसे कि मेनिनजाइटिस यानि मस्तिष्क की झिल्ली की सूजन
* आपके बच्चे या छोटे बच्चे के सिर में चोट लगी हो
* आपके बच्चे या छोटे बच्चे को कोई ऐसा सिन्ड्रोम रहा हो जिसके कारण उसकी सुनने की शक्ति प्रभावित हुई हो

Universal Newborn Hearing Screening Program (नवजात शिशु की सुनने की शक्ति की जाँच सम्बन्धी सार्वभौमिक कार्यक्रम)

* परिवार की सहायता
* मेलमिलाप और शिक्षा
* मातापिता के माध्यम से मातापिता की सहायता
* जानकारी और हवाला (रेफरल)
* परिवारों को तकनीकी सहायता, जन्म सम्बन्धी सुविधायें, और सुनने की शक्ति के जाँच केन्द्र
* परिवारों को जानकारी, मेडिकल विशेषज्ञ, और Early Intervention (शीघ्र हस्तक्षेप)
* उपलब्ध संसाधनों से सम्बन्ध

Universal Newborn Hearing Screening Program (नवजात शिशु की सुनने की शक्ति की जाँच सम्बन्धी सार्वभौमिक कार्यक्रम) परिवारों को उनकी ज़रूरत की सेवायें प्राप्त कराने में मदद करता है। अगर आपके काई भी प्रश्न हों या आप यह जानना चाहते हों कि सुनने की शक्ति की जाँच कहाँ पर करायें, तो आज ही फोन करें।

Universal
Newborn Hearing
Screening Program

परिवारों के लिये सूचना, फोन करें या ई-मेल करें
फोन: **800-882-1435**
TTY 617-624-5992
ई-मेल: **newborn.hearing@state.ma.us**

इस ब्रोशर के लिये Department of Health and Human Services (स्वास्थ्य एवं मानव सेवायें विभाग), Health Resources and Services Administration (स्वास्थ्य संसाधन एवं सेवायें, प्रशासन विभाग), Maternal and Child Health Bureau (माता और बच्चे के स्वास्थ्य ब्यूरो), CFDA No. 93.251 Grant No. 5 H61 MC 00002-03 के ज़रिये आंशिक रूप से सहायता प्रदान की गयी

Hindi

क्या आपका बच्चा इस शिशु-गीत को सुन सकता है?

Universal
Newborn Hearing
Screening Program

Massachusetts Department of Public Health